हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–237 : जौनपुर, मंगलवार 28 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास कर रहा है और आगे भी करता रहेगा : अमित शाह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जन विश्वास में उमड़े जनसैलाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने युवाओं को जिगर के टुकड़े संबोधित करते हुए कहा कि हरदोई भगवान नरसिंह और मदारी पासी, गंगा और गोमती की भूमि है। हरदोई की रैली में भारी जन समूह दिखाता है कि २०१५ से २०१७, २०१६ में भाजपा सरकार बनी और अब २०२२ में भी जनता की लहर भाजपा की सरकार बनाएगी। एक समय था जब माफियाओं का राज था, माताओं बहनों को घर से बाहर निकलने में दर लगता था २०१७ में जब योगी के नेतृत्व में सरकार बनी सभी माफियाओं और बाहुबलियों को जमीदोज और जेल का रास्ता दिखाया। भाजपा ने जो कहा वो करके दिखाया। सालो से श्रीराम मंदिर के लिए संघर्ष किया और आज उसे धरातल पर उतरने का काम किया। विपक्ष ताने मारता था की मंदिर वही बनाएंगे पर तिथि नही बताएंगे। २०१६ में मोदी को पूर्ण बहुमत की सरकार बनी और ५ अगस्त को भूमि पूजन कराया। सपा बसपा कांग्रेस कितना भी जोर लगा ले पर मंदिर अब बनने से कोई नहीं रोक सकता। अखिलेश को एक रेड से बहुत दिकात हो गई, सवाल कर रहे है कि क्यों रेड पड़ी। २५० करोड़ रुपए गरीब जनता का पैसा डकारने का काम कर रखा था। मोदी की सरकार गरीब का विकास में लगी है, इसमें भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं। भाजपा और जनसंघ एक विचार को लेकर चली है। कश्मीर को लेके श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बोल आज भी प्रासंगिक है। ५ अगस्त २०१६ को धारा ३७० को कश्मीर से समाप्त कर दिया। विपक्ष में बैठी सपा बसपा कांग्रेस को तब भी दर्द हुआ। दिल्ली में सैनिक मेमोरियल भाजपा ने बनाया। गरीबी हटाओ की बात करने वाली पार्टी ७० साल तक राज किया पर गरीबी नही हटी। २०१४ उम भाजपा की मोदी सरकार बनी और २ करोड़ ६१ लाख माताओं बहनों को घर देने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया। आयुष्मान कार्ड ५ लाख का स्वास्थ्य बीमा देने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया। हरदोई के अंदर ६००० करोड़ कनिवेश हुआ, गंगा एक्सप्रेसवे, स्वयजपुर में पुल, मेडिकल कॉलेज की सौगात दी। पूर्वांचल को पश्चिम से जोड़ने को एक्सप्रेस बनाया। डिफेंस कॉरिडोर बनाया। आपने १५ साल बुआ बबुआ का शासन करने को दिया पर क्या इन लोगो ने गरीबों को फ्री राशन बाटा, मकान दिए। ये सिर्फ भ्रष्टाचार करना जानते है। भाजपा की पूर्ण



बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प ले और योगी आदित्य नाथ के हाथ मजबूत करिए। डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने जनता का आह्वान करते हुए भारतीय जनता पार्टी को 300 से ज्यादा सीटें जीतने का आशीर्वाद प्रदान करें। राज्य सभा सांसद अशोक वाजपेई ने जन विश्वास रैली को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष वाले २०२२ में सरकार बनाने का सपना देख रहे है पर जनता के सामने उनका कच्चा चिट्ठा सामने आ गया है। रेड में सैकड़ों करोड़ रूपए की पकड़ दिखाती है कैसे गरीब जनता के पसीने का पैसा छुपा के रखा हुआ है। पूर्व राज्य सभा सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा की हरदोई की जनता बताए अगर हरदोई में कोई गुंडा बचा हो तो योगी को बताए, वो सीधे जान बचा के अखिलेश के पास भागेगा रैली को संबोधित करते हुए डेप्युटी स्पीकर सदर विधायक नितिन अग्रवाल ने कहा कि अखिलेश चाहते है कि लाल टोपी की सरकार बने। नितिन अग्रवाल ने जनता की तरफ सवाल करते हुए कहा कि लाल टोपी पर मुजफ्फरनगर के दंगे का दाग है, कारसेवकों पर चलती गई गोलियों का दाग है, गुंडो माफियाओं को जेल से छोड़ने का दाग है, जनता के राशन को डकारने का काम हो, क्या जनता ऐसी सरकार बनाएगी या फिर केसरिया टोपी की सरकार बनाएगी। जिनकी सरपरस्ती में फ्री राशन मिला, किसान सम्मान निधि मिली, प्रधानमंत्री आवास मिला, युवाओं को टैबलेट मिला। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बना, अयोध्या का राम मंदिर बना और २०२२ में भाजपा सरकार बनने के बाद मथुरा में भी भव्य मंदिर बनाने का काम करेगी रैली में मंच पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जन विश्वास यात्रा प्रभारी विजय बहादुर पाठक उपाध्यक्ष प्रकाश पाल प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र के प्रभारी अमरपाल मौर्य,पूर्व मंत्री जितिन प्रसाद राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य डॉ अंजू बाला जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज सभी सांसद गण विधायक गण मौजूद रहे।

## जनपद के बच्चों की आंखों का मुफ्त में हुआ ऑपरेशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भगतपुर–दुर्गापट्टी गांव (सीएचसी बदलापुर अंतर्गत) के 8 वर्षीय करण की नजर नहीं टिकती नहीं थी। उसकी पुतली हमेशा घूमती रहती थी। वह ज्यादा दूर भी नहीं देख पाता था। बहुत कोशिश के बाद वह कुछ देख पाता था। खेलने के दौरान वह गेंद को भी बराबर नहीं देख पाता था। लगभग यही हाल था सिरकोनी सीएचसी अंतर्गत अहमदपुर गांव के अनिल मौर्य के बेटे शनि (एक वर्ष चार माह) का। उसे भी दोनों आंखों से दिखाई नहीं देता था। उसकी दोनों आंखों की काली पुतली के अंदर का हिस्सा सफेद हो गया था। इन दोनों बच्चों की आंखें अब ठीक हो चुकी हैं। यह चमत्कार हुआ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जरिए मिले मुफ्त उपचार से। इस तरह ठीक हुईं आंखें – करण के पिता जयप्रकाश ने बताया कि दो वर्ष पहले दुर्गापट्टी स्थित प्राथमिक विद्यालय आरबीएसके की टीम आई थी। करण वही पढाई कर रहा था। टीम ने करण की जांच की और बताया कि उसे कान्जेनिटल कैटरैक्ट है। वह टीम ही करण को सीतापुर आंख के अस्पताल ले गई और आपरेशन कराकर लेंस डलवाया। जिससे उसकी आंख ठीक हो गई है। वहीं अहमदपुर के अनिल, शनि की आंख दिखाने सीतापुर ले गए। वहां पर डॉक्टर ने आरबीएसके का कार्ड बनवाकर लाने पर मुफ्त में इलाज करने की सलाह दी। इसलिए उन्होंने सीएचसी सिरकोनी के माध्यम से आरबीएसके का कार्ड बनवाया और सीतापुर ले जाकर मुफ्त में आपरेशन करवाया। अब करण और शनि ठीक है। उन्हे ठीक से दिखाई देने लगा है। जन्मजात होती है यह बीमारी – बदलापुर सीएचसी में नेत्र परीक्षण अधिकारी सुशील यादव



बताते हैं कि कान्जेनिटल कैटरैक्ट ऐसी बीमारी है, जिसमें बच्चे को बहुत कम दिखता है। उसके रेटिना के अंदर लेंस वाले हिस्से में सफेदी आने लगती है। उम्र बढ़ने के साथ यह सफेदी लेंस वाले पूरे हिस्से को घेर लेती है और दिखना पूरी तरह से बंद हो जाता है। आरबीएसके में 41 प्रकार की बीमारियों का होता है इलाज – आरबीएसके के नोडल अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ राजीव कुमार बताते हैं कि आरबीएसके के तहत न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट (जन्मजात दोष), कटे होठ और तालु, क्लब फुट (टेढ़ा पैर), जन्मजात मोतियाबिंद, दिल में छेद, जन्मजात बहरापन, डिफीसिएन्सीज सहित 41 प्रकार की जन्मजात व गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों के इलाज की निःशुल्क सुविधा दी जाती है। 21 ब्लाकों में 42 टीमें – डिस्ट्रिक्ट अर्ली इनटर्वेंशन सेंटर (डीईआईसी) मैनेजर अमित गौड़ बताते हैं कि जौनपुर जिले के 21 ब्लाकों में आरबीएसके की 42 टीमें हैं। हर टीम में दो डॉक्टर हैं। जो सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर 19 साल तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जन्मजात व गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को चिह्नित करते हैं। चिह्नित करने के बाद इन बच्चों को शनिवार को सीएचसी पर बुलाते हैं। वहां से जिला अस्पताल ले जाकर एक रुपए की पर्ची बनवाकर डीईआईसी मैनेजर के सहयोग से तथा सीएमओ के हस्ताक्षर से रेफर करवाते हैं। उसके बाद सीतापुर आंख के अस्पताल में लेजाकर उसकी सर्जरी कराई जाती है।

## जेल से जमानत पर छूटे बदमाशों व अपराधियों पर रहेगी पैनी नजर : एस. के. भगत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र एस.के. भगत ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी के साथ मंगलवार को लाइन बाजार थाने का किया वार्षिक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, कार्यालय, मेस, बैरक तथा थाना मालखाना में मौजूद आर्म्स एमुनेशन आदि का निरीक्षण कर आयुधों के साफ–सफाई तथा उसके यथोचित रखरखाव संबंधी आदेश पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी को दिया ।तदुपरांत थाने के विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। निरक्षण के उपरांत चौकीदारों को साफा तथा नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया ।आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु थाने द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली और थाने पर लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूर्ण करने व थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। मीडिया से बात करते हुए पुलिस महानिरीक्षक एस के भगत ने कहा कि लाइन बाजार थाने का वार्षिक निरीक्षण किया गया है ।इस दौरान माल खाने ,शस्त्रागार ,बैरकों का निरीक्षण किया गया है साथ ही अन्य अभिलेखों के रख रखाव भी निरीक्षण किया गया है। जिसमें कुछ कमियां पाई गई है इसे 3 दिन के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया है। महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्हें मासिक ओशवारा बनाए



जाने का निर्देश दिया गया है। जिससे कोई अधिकारी पहुंचे तो उसका समय से निरक्षण कर सके साथ ही करोना गाइडलाइन के तहत रात्रिकालीन लगने वाले कर्फ्यू की भी जानकारी ली गई है। वर्ष 2022 के चुनाव की तैयारी को लेकर उन्होंने कहा कि इसके लिए विभिन्न थानों पर लगभग 1 महीने पहले से ही कार्य चल रहा है। संबंधित क्षेत्रों के हिस्ट्रीशीटर जमानत पर छूट आये अभियुक्तों व जेल से जमानत पर बाहर आए अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर विशेष पैनी दृष्टि रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में क्षेत्र के अपराधिक एवं शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आज चुनाव आयोग की बैठक है इसके उपरांत चुनाव आयोग द्वारा व शासन के निर्देश पर जो भी आगे गाइडलाइन जारी होगी उसका पूरी तरह से पालन कराया जाएगा।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को करे जागरूक–अपर जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में निर्वाचन साक्षरता क्लब श्रीमती गुलाबी देवी बालिका इण्टर कालेज कन्हईपुर में मतदाता शिक्षा एवं सहभागिता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य डा उदयराज सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने मतदाता जागरूकता गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर वोट करने के लिए प्रेरित किया। तथा पोस्ट पर पेंटिंग कर व स्लोगन लिख तथा हाथों पर मेहंदी सजाकर मतदान करने हेतु संदेश देते हुए जागरुक किया। छात्राओं द्वारा मतदान के महत्व को लेकर बनाई गई रंगोलियां आकर्षक का केन्द्र रही। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग हेतु जागरूक किया। उन्होने निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसलिए छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने, अच्छे लोगों को चुनने और मजबूत लोकतंत्र के गठन



के लिए स्वयं मतदान करें तथा अपने परिवार, समाज व अन्य लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए जागरूक करें। राम प्रकाश ने कहा कि जनपद में विधानसभा चुनाव 2017 में 58.38 प्रतिशत व लोकसभा चुनाव 2019 में 55.80 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होने महिला, पुरुष, दिव्यांग, थर्ड जेंडर सहित सभी मतदाताओं से अपील किया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले जिससे कम से कम 70 प्रतिशत मतदान पड़े। संचालन प्रिया सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चंद्र यादव, प्रबन्धक सरोज सिंह, रितु सिंह, अमित कौनोजिया, प्रभात यादव, कमलेश सिंह, सहित गुलाबी देवी इंटर कालेज के छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## ''व्यापारी –पुलिस बैठक'' में व्यापारियों ने उठाए बाजारों में अस्थाई अतिक्रमण के मुद्दे

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं पुलिस उपायुक्त पूर्वी के मध्य डीसीपी पूर्वी के गोमतीनगर स्थित कार्यालय में व्यापारी पुलिस बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी पी पूर्वी अमित कुमार आनंद एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में चिनहट, गोमती नगर ,मटियारी ,पटेल नगर, तेलीबाग, बीबीडी, नीलमथा, पीजीआई बाजारो के व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया नीलमथा के व्यापारियों ने व्यापारी पुलिस बैठक में दुर्गापुरी तिराहे पर पुलिस बूथ बनाने की मांग की तथा तेलीबाग, पीजीआई, बीबीडी, चिनहट एवं पत्रकारपुरम के व्यापारियों ने बाजारों में ठेले खोमचे एवं पटरी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की समस्या प्रमुखता से उठाई ,डीसीपी पूर्वी ने बाजारों में स्वयं जाकर मौका मुआयना करने तथा समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। डीसीपी अमित कुमार आनंद ने बैठक में हर माह व्यापारियों के साथ 18 तारीख को बैठक करने की घोषणा की तथा डीसीपी ने व्यापारियों से कोविड–19 के नए वैरीअंट के लिए




सजग रहने तथा कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की बैठक में ट्रांस गोमती के प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती के चेयरमैन अशोक यादव, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, पत्रकारपुरम के अध्यक्ष गिरीश भार्गव, बीबीडी के अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, तेलीबाग के अध्यक्ष राजन मिश्रा, नीलमथा चेयरमैन अमित अवस्थी, नीलमथा के अध्यक्ष विकास धानुक, पीजीआई मार्केट के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, लोहिया मार्केट के अध्यक्ष डॉक्टर उमाकांत गुप्ता, तिवारीगंज के अध्यक्ष उजागर यादव, चिनहट के अध्यक्ष अरुण राय सहित विभिन्न बाजारों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मुख्यमंत्री आवास पर तीसरी बार श्रद्धा के साथ मनाया गया साहिबजादा दिवस

आर एल पाण्डेय लखनऊ। मुख्यमंत्री आवास कालीदास मार्ग पर तीसरी बार साहिबजादा दिवस बहुत ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चारों साहिबजादों की शहादत



को याद करते हुए पूरे उत्तर प्रदेश से आई उपस्थित सिख संगत को अपने आशीर्वचन दिए एवं कहा कि हमें इस शहीदी को कभी नहीं भूलना है इस अवसर पर शब्द कीर्तन एवं लंगर का आयोजन हुआ । अवध कॉलेजिएट के संस्थापक व प्रबंधक सर्वजीत सिंह व विद्यालय निर्देशिका श्रीमती जतिंदर वालिया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए तत्पश्चात मुख्यमंत्री को अवध परिवार की तरफ से साहिबजादा दिवस पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद दिया।

## ई–श्रम के अन्तर्गत 31.12.2021 व का दुर्घटना बीमा योजना का लाभ

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : गोरखपुर 27 दिसम्बर ई–श्रम के अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र में कार्य. करने वाले ऐसे श्रमिक जिनका पंजीयन 31.12.2021 तक हुआ होगा उन्हें सरकार द्वारा रू0 1000.00 की दर से दो किस्त भरण पोषण हेतु दिया जायेगा उक्त के अतिरिक्त प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत दुर्घटनावश मृत्यु होने की स्थिति में रूपये 02 लाख की सहायता का प्राविधान एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना जिसके अन्तर्गत रूपये 05 लाख तक की चिकित्सा सुविधा प्रति परिवार प्रतिवर्ष देने को प्रावधानित किया जा रहा है। उप श्रमायुक्त द्वारा अन्य जानकारी देते हुए बताया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन विभागीय पोर्टल ॅ–ैभ्।त्।ड.ळव्ट.प्छ द्वारा अलावा किसी भी सी0एस0सी0 सेन्टर या जन सेवा केन्द्र के माध्यम से 50रु में पंजीयन कराया जा सकता है। वर्तमान में गोरखपुर मण्डल में आर्वत होने वाले जनपद गोरखपुर, 1012216 पंजीयन करते हुए प्रदेश में दुसरे स्थान जनपद कुशीनगर, 977084 पंजीयन के साथ प्रदेश में चौथे स्थान, मराजगंज 916754 पंजीयन के साथ प्रदेश में सातवें स्थान पर है। इस प्रकार गोरखपुर मण्डल के तीन जनपद प्रदेश के शीर्ष दस जनपदों में सम्मलित है। उप श्रमायुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले समस्त ऐसे कर्मकार जो पी0एफ0 अथवा ई0एस0आई0 से अच्छादित नहीं होते है तथा आयकर दाता नहीं है। ऐसे समस्त 156 श्रेणी के कर्मकार अपना पंजीयन करा सकते है। पंजीयन हेतु आवश्यक अभिलेख जैसे, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नम्बर हैं।

## कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में प्रबुद्ध संवाद गोष्ठी का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : सोमवार देर सायं कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में प्रबुद्ध संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास बोर्ड के सलाहकार साकेत मिश्र ने बताया की जैसे ईश्वर की भक्ति सभी का भला करती है, वैसे ही विकास भी ''सबका विकास'' होता है – इसमें कोई धर्म, जाति का महत्त्व नहीं होता है। मिश्र जी ने गोष्ठी में उत्तर प्रदेश एवं पूर्वांचल में विकास नीतियां और उठाये गए कदमों की चर्चा की साथ ही में उन्होनें कहा की अब उपयुक्त पारिस्थितिकी ढांचा बना दिया गया है – इसका लाभ लेने की लिए मा० प्रधानमंत्री जी के आह्वान ''सबका प्रयास'' को मानकर परिश्रम करना होगा। निवेश एवं उद्योग को क्षेत्र में लाने के लिए स्वयं प्रयत्न करने होंगे जिससे जौनपुर की ऐतिहासिक समृद्धि लौट आये। उन्होंने यह भी कहा विकास का लाभ उठाने के लिए समय का अभाव है। उसके बाद उन्होंने जौनपुर के वरिष्ठ बुद्धजीवियों से सुझाव मांगे और उन सुझावों पर सकारात्मक चर्चा हुई। आई आई ए के अध्यक्ष बृजेश यादव से निवेश लाने के कुछ ठोस कदम निश्चित हुए। शहर के नियोजित विकास के लिए अथॉरिटी बनाने की मांग राखी गयी। शिक्षक संघ के अध्यक्ष एवं प्रेस के मित्रों ने भी सामाजिक सुधार के लिए सुझाव दिये। सभी उपस्थित जनों ने प्रसन्नता जताई की विकास के मुद्दे पर पहली बार इस तरह का लोक–संवाद हो रहा है। मीटिंग की अध्यक्षता डॉक्टर सुरेश पाठक, प्राचार्य ने किया।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

''सफल लोग कभी भी बिस्तर पर आराम नहीं करते, बल्कि उनके लिए उनका काम ही आराम होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# कविता की नदी में इतिहास की नाव

क्या इसे संयोग कहा जाएगा कि गाय के नाम पर अच्छी–बुरी राजनीति के युग में नागौरी बैल के लिए प्रसिद्ध नागौर में पले–बढ़े लेखक चंदबरदाई की कृति का सिनेमाई रूपांतरण लेकर डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी आ रहे हैं। मेरी जानकारी में उन्होंने पृथ्वीराज रासो के जिस संस्करण को आधार बनाया है, वह नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी से प्रकाशित है।

भारत में इतिहास लेखन की जिम्मेदारी अंग्रेजों के आने से पहले प्रायः कवियों ने ही उठाई है। हमारे यहां कविता में आयुर्वेद के ग्रंथ भी लिखे गए, धर्मग्रंथ भी, विज्ञान और दर्शन के ग्रंथ भी। कवियों पर कितना भरोसा था हमारे पुरखों को! शायद ही दुनिया के किसी और देश में कवियों और कविता ने इतना ओवरटाइम किया हो। यानी हमारे यहां बेचारी 'कविता' को यदा–कदा ही आधुनिक अर्थों में शुद्ध कविता होने का सुख या भाग्य मिलता रहा। कविता युगों से कंठ का आभूषण रही है, इसीलिए जिस बात को देर तक और दूर तक पहुंचाना हो, उसे हमारे यहां कविताओं में कहने की परंपरा रही होगी।

पृथ्वीराज चौहान की कहानी भी उसके कई समकालीनों ने कविता में कही। घटना या व्यक्ति के समकालीन स्रोतों की इतिहास लेखन में बड़ी भूमिका मानी जाती है, और उसका एकाधिक स्रोतों से पुष्टिकरण। यह प्रक्रिया यों हमने पश्चिम से अर्जित की है, पर इसे सारे संसार की, इतिहास की लगभग सारी एकेडमिक दुनिया मानती है। समकालीनता की कसौटी पर तो पृथ्वीराज रासो इतिहास का मूल्यवान स्रोत सिद्ध होता है। अकेले स्रोत को संपूर्ण मानने की सीमाएं तो हैं, पर उसे गलत नहीं ठहराया जा सकता।

फिर क्या आश्चर्य कि चंदबरदाई की रचना पृथ्वीराज रासो को लेकर चंद्रप्रकाश द्विवेदी पृथ्वीराज फिल्म की रचना करते हैं।

यह एक कवि की ऐतिहासिक रचना का पुनर्पाठ है। ऐसी कृति की ऐतिहासिकता पर संदेह केवल उसी पूर्वाग्रह से होता है, जिसके लिए इतिहास दार्शनिक कॉलिंगवुड ने कहा था कि हम इतिहास को वर्तमान की आंख से देखते हैं। इस संदेह को पश्चिमी दृष्टि भी कहा जा सकता है। वैसे, भारत में इतिहास लेखन की पश्चिमी दृष्टि अंग्रेजों के साथ आई, और उनका इतना प्रभाव रहा कि उनसे पहले की भारतीय लोगों की इतिहास दृष्टि को सिरे से खारिज करने का फैशन रहा है। दृष्टि अलग थी पर थी, विधा कविता थी, पर इतिहास लिखा जाता था। भारतीय इतिहास की प्राचीन गलियों के तिलिस्म 'रहा होगा' के भाव में खुलते हैं। सुनिश्चितता बड़ा दुर्लभ भाव है, इसलिए वहां किसी राजनीतिक एजेंडे के आरोपण के लिए भरपूर स्कोप रहता है।

क्या इसे संयोग कहा जाएगा कि गाय के नाम पर अच्छी–बुरी राजनीति के युग में नागौरी बैल के लिए प्रसिद्ध नागौर में पले–बढ़े लेखक चंदबरदाई की कृति का सिनेमाई रूपांतरण लेकर डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी आ रहे हैं। मेरी जानकारी में उन्होंने पृथ्वीराज रासो के जिस संस्करण को आधार बनाया है, वह नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी से प्रकाशित है। दो खंडों में प्रकाशित दो हजार से ज्यादा पृष्ठों में फैले इस ग्रंथ को कुछ लोग महाभारत के समान मानते हैं। इस संस्करण के दो संपादकों में मुख्य संपादक मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या है, जिनके पिता हिंदी के अनन्य नायक भारतेंदु हरिश्चंद्र से भी जुड़े थे, तो वह भी जुड़ गए थे। आधुनिक इतिहासकारों से कहीं पहले कविराज श्यामलदास ने पृथ्वीराज रासो को एक जाली ग्रंथ बताया ही नहीं, बल्कि सिद्ध भी करने की कोशिश की, जिसका जवाब मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या ने ही पृथ्वीराज संरक्षा लिखकर दिया था।

कहने को यों भी कहा जा सकता है कि पृथ्वीराज इतिहास का एक साहित्यिक पृष्ठ है या साहित्य का ऐतिहासिक पृष्ठ। तो अकादमिक शब्दों में यह इंटरडिसिप्लिनरी मामला है, तो प्रथम दृष्टया सांचों में देखेंगे, तो मिलावट दिखेगी। सांचों से बाहर निकलकर देखेंगे, तो सच के नए रूप खिलते और खुलते नजर आएंगे। राजस्थान के इतिहास में हिंदी सिनेमा की दिलचस्पी नई नहीं है और उस पर विवाद होने में भी नवीनता नहीं है। डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी मूलतः राजस्थान से हैं, भारतीयता और भारतीय मूल्यों के प्रति उनकी श्रद्धा असंदिग्ध और जग जाहिर है। उनकी इतिहास दृष्टि के लिहाज से, भारतीय इतिहास लेखन के तीन प्रमुख स्कूलों–साम्राज्यवादी, राष्ट्रवादी और मार्क्सवादी में से मैं उन्हें राष्ट्रवादी के दायरे में रख सकता हूं।

हालांकि वहां भी वह मुझे अंधविश्वासी नहीं लगते हैं। वह खुद संधान करते हैं, तथ्य और तर्क की कसौटी पर अपनी धारणा बनाते हैं। मेरी राय है कि वह फिल्म इंडस्ट्री के गिने–चुने दो–तीन समकालीन निर्देशकों में से हैं, जो बहुत पढ़ते हैं। राष्ट्रवादी इतिहास लेखन के स्कूल से मेरी दूरी है, पर डॉ. द्विवेदी से असहमत होकर भी तथ्यों, तर्कों के साथ विमर्श संभव है, जो दुर्लभ बात है। उनके निर्देशन में बनी पिंजर का एक दृश्य मुझे कभी नहीं भूलता, जो उनकी इतिहास दृष्टि का उद्घाटन भी है। इस दृश्य में विभाजन के बाद रेलवे स्टेशनों पर अफरा–तफरी है, खाकी निक्कर और काली टोपी में एक सेवादार शरणार्थियों को चाय–पानी पिला रहा है।

इस दृश्य की ऐतिहासिकता और व्याख्या के लिए दर्शक, पाठक और शोधार्थी स्वतंत्र हैं। पृथ्वीराज का बनना और शांतिपूर्ण रिलीज होना पहाड़ चढ़ने जैसा ही कर्म होगा, राजस्थान के राजपूत और गुर्जर अपनी भावनाओं और आस्थाओं की तलवारें लिए फिल्म के खिलाफ उठ खड़े हो रहे हैं। विडंबना यह है कि आस्था की तीखी तलवार कई बार अपने और पराए का भेद भी नहीं कर पाती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# भारत की परम्परा व संस्कृति के अनुरूप हो साहित्य का लेखन : श्रीधर पराड़कर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अखिल भारतीय साहित्य परिषद का 16 वां राष्ट्रीय अधिवेशन स्वदेशी के भाव से ग्रामीण परिवेश में संपन्न हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अलीपुर हरदोई मेंण् संपन्न हुआ। अतिथियों ने इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की वेबसाइट का लोकार्पण किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री धर पराड़कर ने साहित्यकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की परंपरा व संस्कृति के अनुरुप साहित्य का लेखन होना चाहिए। अखिल भारतीय साहित्य परिषद साहित्य जगत का सम्पूर्ण वातावरण बदलने के लिए काम करती है घ्। उन्होंने कहा कि हमें केवल साहित्यक कार्यक्रम नहीं करना है। साहित्य में जो विकृति जानबूझकर लाई गई है उसके स्थान पर हमें साहित्य में सुकृति लानी है। श्रीधर पराड़कर ने कहा कि साहित्य की श्रेष्ठता के लिए गहन अध्ययन करना होगा। तभी हम अच्छे साहित्य की रचना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्यकार को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह समाजोपयोगी साहित्य की रचना करें। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपन्यासकार एस एल भैरप्पा ने कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा रही है। हमारे पास पौराणिक साहित्य का विपुल भंडार है। रामायण आदि महाकव्य है। एस एल भैरप्पा ने कहा कि योजनाबद्ध ढंग से सरकारी संस्थाओं पर कम्युनिस्टों ने कब्जा किया। भाषा के प्रति भाव का जागरण करें साहित्यकार . स्वान्त रंजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वान्त रंजन ने कहा कि 1947 में भारत को राजनैतिक दृष्टि से तो स्वतंत्रता मिल गई। लेकिन स्वधर्म स्वसंस्कृति स्वभाषा स्वदेशी और स्वराज्य जो अपेक्षित था वह पीछे छूट गया। उपनिवेशवादी व्यवस्थाएं भारत में वैसी ही चलती रहीं। स्वान्त रंजन ने कहा जैसे राष्ट्र और नेशन अलग है उसी तरह धर्म और रिलीजन अलग है। आज आवश्यकता है इन सब बातों को हम साहित्य के विविध माध्यमों से समाज के सामने रखें। उन्होंने कहा कि इतिहास को विकृत करने का काम किया गया। स्वान्त जी ने साहित्यकारों का आह्वान किया कि वह भाषा के प्रति भाव का जागरण करें। इसके अलावा सभी भारतीय भाषाओं का उन्नयन कैसे हो इस पर काम करने की आवश्यकता है।




साहित्य का प्रदेय विषय पर अनेक साहित्यकारों ने विषय रखा। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि साहित्य परिषद भारत भक्ति के भाव का जागरण करते हुए आत्मचेतस भारत के निर्माण द्वारा साहित्य रचना और आलोचना के क्षेत्र में वैचारिक स्वराज्य की स्थापना के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि विगत चार वर्ष परिषद के विस्तार और साहित्यक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण रहे। कोरोना के प्रकोप के कारण जब प्रत्यक्ष काम संभव नहीं था उस समय हमारी लोक भाषाएंए हमारी लोक यात्राएं और हमारे लोक देवी.देवताओं विषयों पर देशभर में 350 स्थान पर आभासी माध्यम से संगोष्ठी का आयोजन हुआ। महामंत्री ने कहा कि आगामी वर्षों में संघ शताब्दी वर्ष स्वाधीनता का अमृत महोत्सव और औपनिवेशिक मानसिकता का उच्चाटन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। अधिवेषन में नई कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें डा0 सुषील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेष' को राश्ट्रीय अध्यक्ष एंव डा0 पवनपुत्र बादल को संयुक्त महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा डा0 साधना, दिनेष प्रताप सिंह, डा0 नीलम राठी और ऋशि कुमार मिश्र को राश्ट्रीय महामंत्री बनाया गया। अधिवेषन में दो प्रस्ताव पारित किये गये पहला प्रस्ताव राजभाशा का प्रयोग और दूसरा प्रस्ताव सरकारी अभिलेखों में इन्डिया के स्थानपर भारत लिखे जाने को लेकर पास किया गया। पर्यावरण के अनुकूल रहा अधिवेशन स्थल साहित्य परिषद का अधिवेशन स्थल पर्यावरण से अनुकूल बनाया गया था। स्वदेशी के भाव से सभी व्यवस्थाएं थी। देश के सभी प्रान्तों से आए प्रतिनिधियों के रुकने के लिए पर्ण कुटी का निर्माण किया गया । पर्ण कुटी में चार पाईए लालटेन रखी गई है। प्रतिनिधियों को भोजन केले के पत्ते पर और मिट्टी के बर्तन में कराया गया। अधिवेषन में महान कवि स्वर्गीय ष्याम नाराण पाण्डेय की पत्नी रमावती पाण्डेय और अमर बललिदानी षहीद मेजर श्री पकंज पाण्डेय जी के पिता श्री अवधेष पाण्डेय जी को सम्मानिता सम्मान किया गया। अधिवेषन में बलवंत भाई जानी, असम के विद्वान देवेन्द्र चन्द्र दास, इन्दुषेखर, संजीव षर्मा, अभिराम भट्ट, डा राम सनेही लाल, डा0 जनार्दन यादव, डा0 आषा तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सादगी की प्रतिमूर्ति थे स्वर्गीय रामचंद्र त्रिपाठी : उनके स्मरण दिवस पर 500 गरीबों को किया गया कंबल वितरण

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : सुजानगंज ब्लाक के करौरा गांव में स्वर्गीय रामचंद्र त्रिपाठी के स्मरण दिवस के अवसर पर 500 गरीबों को कंबल का वितरण किया गया ।कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल गए इस ठंडक के महीने में कंबल का दान ही सबसे बड़ा दान है ।आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री डॉ रंजना सिंह ने कहा कि गरीबों के लिए इस ठंडक के महीने में वस्त्र से अच्छा कोई दान नहीं हो सकता ।स्वर्गीय रामचंद्र त्रिपाठी के पुत्र उमेश त्रिपाठी शिव त्रिपाठी और प्रकाश त्रिपाठी ने समाज को एक आईना दिखाने का काम किया है कि जो लोग सक्षम हैं वह गरीबों की मदद के लिए आगे आए। जिला पंचायत सदस्य ननकू राम यादव ने भी लोगों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग



को जरूरत है कि अपने सामर्थ्य के हिसाब से लोगों की मदद करें। स्वर्गीय रामचंद्र त्रिपाठी के पुत्र प्रकाश त्रिपाठी ने आये हुए लोगों का आभार व्यक्त किया ।और कहा यह कार्यक्रम अनवरत हर साल चलता रहेगा। इस अवसर पर उमेश त्रिपाठी शिव त्रिपाठी जय प्रकाश पाठक राम लखन दुबे राजेश सिंह विजय प्रकाश श्रीवास्तव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# किसानों को समर्पित हुआ कृषि विज्ञान केंद्र

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कुमारगंज अयोध्या आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अमेठी की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या, राज्य मंत्री सुरेश पासी तथा कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में किया। जिले के किसानों को समर्पित इस केंद्र की स्थापना किसानों के बीच कृषि तकनीकी के प्रचार प्रसार हेतु 13 अप्रैल 2018 को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा की गई थी। नव निर्मित प्रशासनिक भवन 1.39 करोड़ की लागत से बन कर तैयार हो गया है। इस भवन में विभागाध्यक्ष तथा वैज्ञानिकों हेतु कुल आठ कमरे है तथा एक प्रयोगशाला एवं एक कृषि तकनीकी सूचना कक्ष है। इसके अतिरिक्त इसी भवन में एक पूर्ण सुसज्जित प्रशिक्षण सभागार का निर्माण किया गया है। कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेन्द्र सिंह ने केंद्र के लोकार्पण पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि केंद्र को अपना भवन मिल जाने से किसानों को विभिन्न रोजगार परक विषयों का प्रशिक्षण बेहतर ढंग से दिया जा सकेगा तथा पूर्ण सुससज्जित सभागार में समय समय किसान गोष्ठियों का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा किसानों के बीच नवीनतम कृषि तकनीकी का प्रचार



प्रसार कर उनकी आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी। केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आर के आनंद के अनुसार नव निर्मित भवन में का प्रयोगशाला का भी निर्माण किया गया है जिसमे आगे चलकर मृदा परीक्षण की सुविधा मिलेगी तथा कृषि तकनीकी सूचना केंद्र एवं म्यूजियम के माध्यम से विभिन्न मॉडलों एवं प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को तकनीकी जानकारी दी जाएगी। किसानों के फसलों में लगने वाली बीमारियों एवं कीटों का निदान कर उचित तकनीकी सलाह दी जाएगी। तथा मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन जैसे विषयों का प्रायोगिक ज्ञान दिया जा सकेगा। इस केंद्र एक अध्यक्ष तथा 06 वैज्ञानिकों सहित कुल 16 पद स्वीकृत किया गया है जिसके सापेक्ष वर्तमान में अध्यक्ष, 02 वैज्ञानिक तथा 01 प्रक्षेत्र प्रबंधक सहित कुल 09 लोग कार्यरत है।

## बाबा नीब करौरी महाराज के आदर्श अपनाएं : कपूर

आर. एल. पाण्डेय लखनऊ. हनुमत् स्वरूप बाबा नीब करौरी महाराज का जीवन सभी भक्तजनों के लिए आज भी उतना ही प्रेरणादायक है जितना गुरुदेव महाराज के साथ रहे श्रद्धालु जनों के लिए दशकों पहले था. बाबा जी का आशीर्वाद जैसे उनके शरीर छोड़ने के पहले भक्तों को मिलता रहा, वैसे ही आज भी मिल रहा है. यह बात हनुमान जी व बाबा जी के अनन्य भक्त 92 वर्षीय डॉ. श्याम लाल कपूर ने हनुमत् कृपा ट्रस्ट की पहली बैठक में निराला नगर स्थित घर के कार्यक्रम में कही.ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. कपूर ने बताया कि शहर के प्रतिष्ठित हनुमान सेतु मंदिर की स्थापना बाबा नीब करौरी महाराज के कर कमलों से ही करीब साढ़े पांच दशक पहले हुई थी. इससे पहले गोमती के किनारे नीचे हनुमान जी का मंदिर बाबा जी ने बनवाया था और वहीं तख्त पर बैठकर भक्तों को प्रसाद देते रहते थे. डॉ. कपूर ने कहा कि बाबा जी साधारण दिखने वाले असाधारण व्यक्तित्व के धनी संत थे. जो उनके पास आ जाता था, उनका मुरीद व भक्त हो जाता था.बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने डॉ. कपूर को शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया था उनके बेटे व ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य शरद कपूर



को जन्मदिन पर हनुमान जी व बाबा नीब करौरी महाराज का चित्र भेंट किया. ट्रस्ट द्वारा शुरू किये जाने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यों पर चर्चा की गयी. बैठक में सर्वश्री नरेश दीक्षित (अध्यक्ष), शिवाकांत शुक्ल (उपाध्यक्ष), पं. अनुराग मिश्र (सचिव), कमलेश बाजपेयी, अशोक कुमार बाजपेयी, सियाराम पाण्डेय ' शांत ', आशुतोष मेहरोत्रा, डॉ. रवि शंकर गुप्ता, नीलम दीक्षित, जितेंद्र कुमार, आचार्य रामू लाल पाण्डेय, रमेश शर्मा, प्रियम दीक्षित आदि भक्तजन मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा में पहुँची जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : इसौली विधानसभा क्षेत्र के पूरे नेवल दरियापुर गांव स्थित बाबा दुलदास की कुटी पर चल रही संगीतमय भागवत कथा में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह सम्मिलित हुए। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर पर कथा व्यास साध्वी अखिलेश किशोरी वृंदावन धाम को शाल भेंट कर जिला पंचायत अध्यक्ष ने सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा की आरती उतारी और मानव कल्याण की कामना की। इस दौरान कथा में जिला पंचायत अध्यक्ष के पहुंचने पर ग्रामीणजनों ने अपने–अपने गांव की समस्याओं से अवगत भी कराया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जल्द ही समस्याओं के निराकरण की बात ग्रामीणजनों से कही।श्रीमद्भागवत कथा का आयोजक बाल योगी बाबा योगराज ने किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम प्रीत,कांग्रेसी




नेता अनिल मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव,बीडीसी अतुल मिश्रा, मिस्त्री रामलाल वर्मा,वेद प्रकाश तिवारी,संजीव कुमार मिश्रा व द्वारिका प्रसाद पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सहकारिता मंत्री ने किसान सम्मेलन में गिनाई सरकार उपलब्धियां

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)आदर्श प्राथमिक विद्यालय रौजागांव परिसर में भाजपा का विशाल जिला किसान सम्मेलन आयोजित हुआ।मुख्य अतिथि प्रदेश के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का बखान भी किया। 2022 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनवाने के लिए किसानों से मदद मांगते हुए कहा कि अतीक अहमद की संपत्ति पर बुलडोजर चलवा कर योगी सरकार गरीबों के लिए मकान बनवा रही हैं। 2022 व 2024 में भी कमल खिलेगा। कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि भारत के स्वाभिमान व शक्ति की चर्चा सर्वाधिक है। आज भारत में 68 प्रतिशत लोग केवल खेती पर निर्भर है। अटल ने अंत्योदय योजना शुरू की थी। पहले गन्ना पर्ची में माफिया लोग सक्रिय थे, अब सीधे गन्ने की पर्ची की धनराशि किसानों के खाते में जाने लगा है। गेहूं धान खरीद का नया रिकॉर्ड योगी सरकार ने बनाया है। अब मालगाड़ी किसानों के लिए चलने लगी है। जो अपने को धरती पुत्र कहते हैं, वह किसानों की उन्नति के लिए एक काम नहीं बता सकते। मोदी सरकार बनने के बाद खाद के लिए अब लाइन नहीं लगती। किसान की आर्थिक उन्नति का द्वार खुला है। सपा का नाम लिए बगैर कहा कि हमने सैफई की तरह डांस नहीं कराया। हमने 41 लाख के हाथी नहीं बनवाए, हमने बिजली दी, किसान सम्मान निधि दी, हमने सड़क बनाया। साथ ही अयोध्या व काशी का गौरव लौटाया है। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि योगी सरकार किसान हितैषी है। किसानों के लिए दोनों ब्लॉकों रुदौली व मवई में हाईटेक कृषि केंद्र की स्थापना हुई है। बीकापुर विधायक शोभा सिंह चौहान ने किसानों की उपलब्धियों को सिलसिलेवार गिनाया। विधायक रामचंद्र यादव ने सहकारिता मंत्री सहित किसान मोर्चे के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र व प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य बाबा हरि भजन दास, राम नेवल लोधी, राधेश्याम त्यागी, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा संतोष शुक्ल,मंडल अध्यक्ष अनिल वर्मा,विशाल सिंह, अखंड प्रताप सिंह, उपेंद्र शुक्ल, निर्मल शर्मा, सुरेश मिश्र, श्री राम कोरी, अर्जुन पांडेय,रामजी यादव सतीश सहित हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## गोपालराम गहमरी साहित्य सेवक सम्मान 2021 से सम्मानित हुये अयोध्या पुलिस के उ0नि0 रणजीत यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद अयोध्या के कोतवाली अयोध्या अन्तर्गत नयाघाट में नियुक्त साहित्यकार, समाजसेवी युवा सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव 'क्षितिज' को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए एशिया के सबसे बड़े गाँव गहमर जनपद गाजीपुर में प्रसिद्ध जासूसी उपन्यासकार गोपालराम गहमरी की स्मृति में साहित्य सरोज पत्रिका एवं धर्मक्षेत्र द्वारा 7वें वर्ष आयोजित तीन दिवसीय (24 दिसम्बर से 26 दिसबंर तक) ''गोपालराम गहमरी साहित्यकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह'' गहमर इंटर कॉलेज गाजीपुर के प्रांगण मे जमानिया की विधायक श्रीमती सुनीता सिंह, हास्य व्यंग्य के हस्ताक्षर व प्रसिद्ध साहित्यकार सुभाष चन्दर, हिंदी निदेशालय दिल्ली के सहायक निदेशक दीपक पांडेय और वृक्षमित्र नाम से विख्यात सुनील दुबे द्वारा प्रशस्ति पत्र और मां कामख्या की चुनरी व नारियल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस शानदार सम्मेलन और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार अखंड गहमरी द्वारा किया गया। भारत में जासूसी उपन्यास के जनक गोपालराम गहमरी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात व्यंगकार सुभाषचन्दर दिल्ली,फिल्ममेकर प्रबद्धघोष पुणे,अभिनेता विजयमिश्र दानिश,दीपक पाण्डेय सहायक शिक्षा निदेशक दिल्ली,डॉ0 पूनम सिंह, डॉ0 इंदुवीरेन्द्रा विभागाध्यक्ष जामिया मिलिया विश्वविद्यालय दिल्ली,डॉ0बाँकाबहादुर रंगकर्मी पठानकोट,मेजर शक्तिराज हरियाणा,गायिका अंजलिपटेल नेपाल,सन्तोषशर्मा शान हाथरस ,उमेश पाठक ,अविनाश तिवारी बिहार, रणविजय सिंह सोमवंशी,अनिल अनिकेत,आरबी यादव,विनोद वियोगी हरदोई ,शालुसिंह सीतापुर सहित कई प्रान्तों के नामचीन कवि, कवियत्री, साहित्यकार,अभिनेता, समाजसेवी मौजूद रहे। इस अवसर पर आनंद कुशवाहा की रचना ''बेटियाँ बड़ी हो रही हैं!'' सतीश चंद्र श्रीवास्तव कृत लघुकथा संग्रह हाथी के दाँत का विमोचन में किया गया। इस दौरान कहानी,लघुकथा,छंदमुक्त कविता,आदि पर कार्यशालाएं और शार्ट फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया।इस अवसर पर सभी लोगों को गंगा स्नान एवम मां कामाख्या के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। आजमगढ़ के एक छोटे से गाँव भदसार के निवासी रणजीत यादव द्वारा लिखित सामाजिक संदेश पर आधारित कहानियों पहली मुलाकात, जिम्मेदारी,भयानक डर से मौत,इंतजार मां का, वनदेवी का चश्मा, भूरा–बंदर, बड़े घर की बहू इत्यादि अनेक पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होने के साथ आकाशवाणी लखनऊ व फैजाबाद के रेडियों केंद्र प्रसारित होती रहती हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (ठभ्न्) वाराणसी से दर्शनशात्र विषय मे स्नातकोत्तर,टीडी पीजी कॉलेज जौनपुर से स्नातक उपाधि धारक रणजीत रक्तदान, पौधरोपण, नशामुक्ति,शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता, गरीब असहायों की मदद करना जैसे सामाजिक कार्यों के लिए भी पहचाने जाते हैं। इन्होंने सेंट थॉमस इंटर कॉलेज जौनपुर से हाइस्कूल और इंटरमीडिट परीक्षा उत्तीर्ण किया है।जनपद अयोध्या के निवासी प्यार से बुलाते हैं इन्हें सुपरकॉप। नेशनल इकॉनिक पर्सनालिटी अवार्ड दिल्ली,खाकी सम्मान कानपुर, नंदीग्राम रत्न सम्मान और अयोध्या रत्न सम्मान अयोध्या,समाजसेवा सम्मान2021 लखनऊ, सहकार सम्मान गाजीपुर,इत्यादि सम्मानों से सम्मानित किया जा चुके रणजीत यादव को उनके फेसबुक पेज तथा यू ट्यूब रंजीत सुपरकॉप और ट्वीटर एकाउंट /आर सुपरकॉप पर भी फॉलो कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में बेजुबानों के लिए 'थोड़ा सा दाना थोड़ा पानी' मुहिम इनके द्वारा का प्रत्येक वर्ष चलाया जाता है।

# सरस श्रीवास्तव बने चितगुप्त सभा के अध्यक्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चित्रगुप्त सभा का आम चुनाव आज चित्रगुप्त धर्मशाला रुहट्टा में चुनाव अधिकारी के देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव में सभी सदस्यों ने एक स्वर से जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता सरस चन्द श्रीवास्तव जी को सर्वसम्मति से चित्रगुप्त सभा का अध्यक्ष चुना जिसपर कायस्थ समाज के लोगो ने एक स्वर से स्वागत किया और सरस चन्द श्रीवास्तव जी का जोरदार स्वागत किया नवनिर्वाचित अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सरस चन्द श्रीवास्तव ने कहा कि आज चित्रगुप्त सभा ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक ईमानदारी से पूरा करूँगा व धर्मशाला निर्माण के अधूरे पड़े कामो को शीघ्रता से पूर्ण करूँगा । नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि पूरे कायस्थ समाज के सहमति से एक नई कमेटी का गठन किया जाएगा। चित्रगुप्त सभा चुनाव में पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष रमेन्द्र श्रीवास्तव नीलमणि श्रीवास्तव राजन स्वरुप वर्मा अनीश श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव श्याम रतन श्रीवास्तव बच्चा भइया रवि श्रीवास्तव कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव सुनील



अस्थाना सुरेश अस्थाना राजेश श्रीवास्तव राजकपूर श्रीवास्तव प्रभात श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव साधु संजय अस्थाना विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक संजय श्रीवास्तव हरिश्चंद्र श्रीवास्तव विनोद श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव प्रदीप अस्थाना पंकज श्रीवास्तव जितेन्द्र श्रीवास्तव राममोहन श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव बाके लाल श्रीवास्तव विनोद श्रीवास्तव अनिल कुमार श्रीवास्तव श्यामल कांत श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कायस्थ मौजूद रहे।

# थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने जुआ खेल रहे 07 जुआरियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर पुलिस द्वारा दिनांक 26/12/2021 समय करीब 20.10 बजे राधेश्याम पैलेस कालोनी के



पीछे के बाग से 7 जुआरियों को तास के 52 पत्ते, नगद रु0 2420 व जामा तलाशी से 730 रु0 व 05 अदद मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना मुगराबादशाहपुर पर मु0अ0स0 262/2021 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । बरामदगीः तास के 52 पत्ते, नगद 2420रु एवं जामा तलाशी से 730रु0 व 05 अदद मोबाइल। नाम पता अभियुक्तगण – 1– प्रकाश दुबे पुत्र विनोद दुबे उम्र 23 वर्ष निवासी गौरैयाडीह थाना मुंगरा बादशाहपुर जौनपुर । 2– मोहित पाण्डेय पुत्र घनश्याम पाण्डेय उम्र 24 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 3– कृष्ण कुमार सोनी पुत्र श्याम कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी गुड़हाइ थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 4– संतोष कुमार पुत्र बद्री प्रसाद उम्र 48 वर्ष निवासी कटरा थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 5– सुरज दुबे पुत्र शेषमणि दुबे 24 वर्ष निवासी गौरैयाडीह थाना मुगराबदशाहपुर जौनपुर । 6– लियाकत पुत्र जब्बार उम्र 42 वर्ष निवासी साहबगंज थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 7– ऋषिकेश दुबे पुत्र विनय कुमार दुबे उम्र 21 वर्ष निवासी गौरैयाडीह थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. थानाध्यक्ष सदानन्द राय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2. उ0नि0 कमलेश कुमार थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 3. का0 पंकज यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 4. का0 अभिमन्यू यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 5 का0 रवि यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 6. का0 विकास कुमार थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 7. का0 सुनील कुमार थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# यूपी पहले बीमारू प्रदेश था अब अगर उत्तम प्रदेश बना है तो उसमे भाजपा सरकार की देन : कामेश्वर सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का जिलाध्यक्ष द्वय नरेन्द्र उपाध्याय एव प्रहलाद यादव के अध्यक्षता में आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के लिए जो कर दिखाया है, वह इससे पहले की कोई सरकार नहीं कर पाई थी। यूपी में योगी जी की प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था से आतंकवाद, अराजकता, अपराध और बेरोजगारी का खात्मा हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले पश्चिम उत्तर प्रदेश में कुछ लोगों ने उत्पात कर सीधे–साधे लोगों को पलायन को मजबूर किया था, कितु प्रदेश में योगी जी की सरकार बनने के बाद से अत्याचारी ही पलायन करने लगे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश में कोई किसान आंदोलन नहीं चल रहा था, जो लोग धरने पर बैठे थे वह सारे लोग संगठन के कार्यकर्ता थे, इसको न तो किसानों का समर्थन था, न देश के आम नागरिकों का, देश के किसानों को गुमराह करने के लिए विपक्षी दलों के लोग प्रयास कर रहे थे, जिसका सपोर्ट कोई नहीं कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार ने गन्ना किसानों के हित में गन्ना मूल्य में वृद्धि का निर्णय लिया है 325 रुपये प्रति कुन्तल के गन्ने का गन्ना मूल्य बढ़ाकर 350 रुपये प्रति कुन्तल, 315 रुपये प्रति कुन्तल के सामान्य गन्ने का गन्ना मूल्य 340 रुपये प्रति कुन्तल तथा अनुपयुक्त गन्ने के गन्ना मूल्य में 25 रुपये प्रति कुन्तल वृद्धि की गई। गन्ना मूल्य में इस वृद्धि से प्रदेश के 45 लाख गन्ना किसानों की आय में 08 प्रतिशत की अतिरिक्त बढ़ोत्तरी हुई। जिलाध्यक्ष रामविलास पाल ने कहा कि अन्नदाता किसान कठिन परिश्रम करके अन्न पैदा करता है, अन्न जीवन चक्र का आधार है किसान द्वारा अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से बिना भेदभाव के सभी के लिए अन्न उत्पन्न करना पुण्य का कार्य है। पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव मिश्र ने कहा कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने पर देश का भाग्योदय हुआ प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व की सरकार ने गांव, गरीब, नौजवान, महिलाओं तथा समाज के सभी तबकों के लिए कार्य किया। धरती माता की सेहत




का ध्यान रखा जा सके, इस उद्देश्य से उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किया, कृषकों के हित और कल्याण के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना जैसी योजनाएं संचालित की गयीं, वर्ष 2017 में वर्तमान राज्य सरकार के सत्ता में आने के बाद पहला निर्णय प्रदेश के 86 लाख लघु एवं सीमान्त किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का ऋण माफ करने का लिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सुनील पटेल ने कहा कि अन्नदाता किसान के खुशहाल होने से राज्य प्रगति और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर होता है, इस उद्देश्य से वर्तमान राज्य सरकार ने बिचौलियों को समाप्त कर सीधे किसानों से उनके कृषि उत्पादों की खरीद के लिए अप्रैल, 2017 में प्रोक्योरमेन्ट पॉलिसी लागू की विगत साढ़े चार वर्षों में प्रदेश में किसानों से रिकॉर्ड मात्रा में उनके कृषि उपज की खरीद की गयी है। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2017 में वर्तमान सरकार के सत्ता में आने पर पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल का वर्ष 2009–10 से लेकर वर्ष 2018–19 तक का किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान बकाया था। इससे गन्ने का रकबा सिकुड़ता जा रहा था वर्तमान सरकार ने गन्ना किसानों के हित में बन्द चीनी मिलों का संचालन प्रारम्भ कराया। जिलाध्यक्ष प्रह्लाद यादव ने अध्यक्षीय भाषण देते हुये कहा कि प्रदेशवासियों को निःशुल्क खाद्यान्न एवं वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य ने अब तक 10 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की खुराक उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है, इससे प्रदेश में कोरोना का संक्रमण समाप्त प्राय हो गया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुदर्शन सिंह ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री अजय सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव, मेहीलाल गौतम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नृपेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा अरविन्द सिंह, जिला मंत्री जयेश सिंह, श्याम दत्त दुबे, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, क्षेत्रीय मन्त्री सुनील सिंह, अर्चना शुक्ला, संदीप सिंह, जिला महामंत्री किसान मोर्चा इन्द्रसेन सिंह, प्रदीप यादव, सुर्दशन सिंह, रमेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्या, राहुल दुबे, लक्ष्मीकांत मिश्रा, पंकज सिंह, शैलेन्द्र सिंह, शौरभ दुबे, पंकज सिंह, ज्ञानचन्द्र मौर्य, जिला मंत्री किसान मोर्चा अनिल सिंह शक्ति, सुनील सिंह, रमेश सिंह, राजेश यादव, संदीप द्विवेदी मण्डल अध्यक्ष गण शीतला प्रसाद मौर्य, प्रभा शंकर सिंह, सुभाष पाल, सत्येंद्र दुबे, विनोद कुमार तिवारी, कमलेश पटेल, विकास पांडे, रविकांत सिंह, जयप्रकाश मिश्र, मनोज सिंह, जयशंकर प्रसाद सिंह, अनिल सिंह, रमेश पटेल, राजेश्वर राम, प्रदीप प्रधान पासी, संजय पांडे, संदीप प्रजापति, अरुण शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना बक्शा पुलिस ने 70 ली0 कच्ची शराब व मदिरा बनाने के उपकरण के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं उसमें सनलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बक्शा दिव्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में थाना बक्शा पुलिस द्वारा दिनांक– 26.11.2021 की शाम ग्राम डीहजहनिया में प्रकाश सिंह के ईंट भट्टे पर अवैध रुप से बना रहे शराब के साथ अभियुक्त संजय लोहरा पुत्र पंचू लोहरा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बेलानवाटोली थाना गुमला जिला गुमला झारखण्ड, को गिरफ्तार किया गया। मौके से अवैध शराब 05 डब्बा माल लगभग 70 ली0, 02 टीना नलिका लगा हुआ तथा दो काँच की बोतल बरामद किया गया। गिरफ्तरी / बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 –407/21 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।



गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण – 1. संजय लोहरा पुत्र पंचू लोहरा निवासी ग्राम बेलानवाटोली थाना गुमला जिला गुमला, झारखण्ड। बरामदगी का विवरण – 1. 70 ली0 कच्ची शराब 05 प्लास्टिक कि पिपिया में दो अदद टीना नलिका लगा हुआ व दो अदद काँच की बोतल खाली। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1. उ0नि0 द्वारिकानाथ यादव थाना बक्सा,जौनपुर। 2. हे0का0 उत्तम श्लोक पाण्डेय व हे0का0 हंशराज यादव थाना बक्सा,जौनपुर। 3. का0 रविन्द्र यादव, का0 अरूण विश्वकर्मा,का0 अरविन्द कुमार मौर्या थाना बक्सा,जौनपुर।

## जेसीआई अध्यक्ष 2022 डॉ. संदीप पाण्डेय ने ली शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर के नवचयनित अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय को 2021 के अध्यक्ष गौरव सेठ ने अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी। तत्पश्चात् अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने 2022 के सचिव प्रदीप जायसवाल व कोषाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, चेयरपर्सन कंचन पाण्डेय, सिम्पल जायसवाल को शपथ दिलायी। नगर के प्रसिद्ध हाल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह तथा निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष



आलोक सेठ, पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल एवं प्रेरक अधिकारी अविनाश जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात् जेसीरेट श्रद्धा जायसवाल ने जेसी आस्था पाठ किया। पूरे वर्ष समाज में किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिये 2021 के अध्यक्ष श्री सेठ द्वारा अपनी टीम के सदस्यों को सम्मान पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमें बेस्ट जेसी मेम्बर प्रदीप सिंह, बेस्ट न्यू जेसी मेम्बर सौरभ बरनवाल बेस्ट लॉम आफिसर विशाल तिवारी, आरिफ अंसारी, बेस्ट जेसीरेट सिमरन तिवारी, बेस्ट जेजे रोहन श्रीवास्तव, सुपर एक्टिव मेम्बर नीरज श्रीवास्तव और भरत सेठ, जी एण्ड डी सपोट पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता और राधेरमण जायसवाल को मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री यादव ने कहा कि जेसीआई हमेशा समाज के हर वर्ग की सहायता करने के लिये सदैव तत्पर रहती है। विशिष्ट अतिथि पुष्पराज सिंह ने जेसीआई द्वारा किये गये विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिये पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र दुबे, विशिष्ट अतिथि आलोक सेठ, राधेरमण जायसवाल, निवर्तमान अध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठ, मण्डल अधिकारी संजय गुप्ता, चेयरपर्सन जूही वर्मा, कोआर्डिनेटर अर्चना सिंह, सचिव विशाल तिवारी ने अध्यक्ष सहित पूरी टीम को बधाई दी। इसके बाद प्रेरक अधिकारी अविनाश जायसवाल ने संस्था से जुड़ने वाले नये सदस्यों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, कृष्ण कुमार जायसवाल, संजय बैंकर, अरूण त्रिपाठी, डा. अजीत कपूर, डा. एमएम वर्मा, डा. जीसी सिंह, अजय गुप्ता, आशुतोष जायसवाल, सत्य प्रकाश जायसवाल, अतुल गुप्ता, चित्रगुप्त वाचस्पति, दिलीप सिंह, प्रशांत द्विवेदी, अमन कुरैशी, कृष्ण गोपाल, मनीष मौर्य, राजेश्वर मिश्रा, राजकुमार, राम कृपाल, संतोष मेडिकल, शनि सेठ, शिवेन्द्र, सूर्यांक, शुभम, उत्कर्ष, विशाल वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक रंजीत सिंह व राकेश सोनी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हफीज शाह एवं आकाश केसरवानी ने संयुक्त रूप से किया।

# किसी भी देश का भविष्य वहां के युवाओं पर ही निर्भर करता है: रविन्द्र जायसवाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा युवा मोर्चा ने मुंगराबादशाहपुर में जिलाध्यक्ष दिव्यांशु सिंह के नेतृत्व में सार्वजनिक इंटर कॉलेज में युवा सम्मेलन का आयोजन कर 2022 के चुनावी समर का शंखनाद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि युवा ही देश की संस्कृति के वाहक होते हैं किसी भी देश का भविष्य वहां के युवाओं पर ही निर्भर करता है इसलिए युवाओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि अपने कार्य और सदचरित्र के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के सहभागी बने। उन्होंने आगे कहा कि युवा शब्द को उल्टा करने पर वायु शब्द की प्रतिध्वनि होती है जो कि तेज और प्रखरता का प्रतीक है विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने विश्व के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या विज्ञान का क्षेत्र हो, प्रबंधन का क्षेत्र हो या शौर्य का क्षेत्र हो, व्यापार का क्षेत्र हो या चाहे



सेवा का क्षेत्र हो संपूर्ण विश्व में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विकास ओझा ने की। उक्त अवसर पर युवा मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष खुशबू सिंह, हरनाम सिंह, जिला प्रभारी युवा मोर्चा अभय राय, मछलीशहर जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अखिल प्रताप सिंह, जिला महामंत्री ऋषिकेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सचिन तिवारी, अजय यादव, अभिनव सिंह, सिद्धार्थ सिंह, हरिओम गुप्ता जिला मंत्री रुपेश सोनकर, अभिषेक सिंह,विजय कश्यप, ज्ञानचंद्र यादव, अशोक निगम, जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा कपिल सिंह, सुलभ श्रीवास्तव, कार्यसमिति सदस्य प्रशांत सिंह, मोहित,वीरेंद्र जायसवाल, अभिषेक सिंह, अजय मिश्रा,विकास सिंह मंडल अध्यक्ष गण तुषार गुप्ता, कृष्णा ठाकुर, अमित तिवारी, दिव्यांशु सिंह, आशीष सिंह, आशुतोष सिंह, वरुण सिंह, देवेंद्र दुबे, अनु दुबे, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में गरजे शिक्षक : मांगा हक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुरानी पेंशन बहाली सहित परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में शिक्षकों ने हुंकार भरी। शिक्षकों की गर्जना से कलेक्ट्रेट परिसर गुंजायमान हो गया। मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांगों से सम्बंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर उसके निस्तारण की मांग की। साथ ही एक घंटे अधिक विद्यालय संचालन के तुगलकी फरमान को वापस करने की मांग किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ व अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वाधान में दिन में एक बजे से ही जनपद के विभिन्न ब्लाकों के शिक्षकों का जमावड़ा कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू हो गया। थोड़ी ही देर में शिक्षकों में अपने दमदार व जोरदार उपस्थिति से कलक्ट्रेट परिसर के मौजूद सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। भारी संख्या में जुटे पुरूष व महिला शिक्षक एकजुट होकर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष पहुंचकर जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने पुरानी पेंशन बहाली, एक दिसंबर 2008 के बाद पदोन्नत प्राथमिक के प्रधानाध्यापक एवं जूनियर के सहायक हो 17140 एवं जूनियर के प्रधानाध्यापक को 18150 न्यूनतम वेतनमान दिया जाना, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना, मृतक आश्रित परिवार वालों को योग्यता के अनुसार नियुक्ति, शिक्षा मित्र एवं अनुदेशक साथियों को शिक्षक पद पर समायोजन, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण एवं जिले के अंदर स्थानांतरण प्रक्रिया को जल्दी प्रारंभ किया जाना, वेतन विसंगतियों को दूर किया जाना सहित मांगपत्र/ज्ञापन की महत्वपूर्ण मांगों को पढ़कर सुनाया। साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों पुरानी पेंशन की मांग




न सिर्फ एक मांग है बल्कि यह शिक्षक/कर्मचारियों का मान सम्मान स्वाभिमान और बुढ़ापे का लाठी है, जिसको सरकार ने हमसे छीन लिया है इसलिए जबतक फिर से पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती तबतक आंदोलन चलते रहेंगे और भविष्य में राष्ट्रीय एंव प्रांतीय नेतृत्व के दिशानिर्देश में व्यापक राष्ट्रव्यापी आंदोलन होगा। अंत में जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने जनपद के कोने कोने से आये भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सरंक्षक राजीव रत्नम तिवारी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सुशील उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह, शिक्षक/कर्मचारी महासंघ के जिला संयोजक अश्वनी सिंह कुमार सिंह,जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश "टोनी", अतुल प्रताप सिंह, जिला संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल, डॉ अनुज, प्रचार मंत्री पारसनाथ यादव, अजय सिंह, राजीवमणि त्रिपाठी, मृत्यंज सिंह,राजीव लोहिया, मीरा रजक, अंजुलता, सजंय सिंह,दिवाकर चौहान, सरोज सिंह, जयप्रकाश, संतोष सिंह, सजल सिंह, मुन्ना लाल यादव, स्वतंत्र कुमार, विशाल सिंह, प्रदीप सूर्या, राम सिंह, अमित सिंह,उमेंद्र सिंह, मानस चंद पांडेय, सुधाकर सिंह, संजय राय, गिरीश सिंह, अखंड सिंह, अजीत सिंह, सुनील प्रजापति, नीतीश सिंह, भूपेश सिंह, सुजीत सोनकर, संतोष उपाध्याय, धर्मेंद मिश्रा, विनोद भंडारी, इमरान अली अरविंद सिंह, प्रवीण प्रवक्ता, अरविंद सिंह, रोहित सिंह,अजय गुप्ता, प्रभाकर शुक्ला, राजमणि यादव, लालबहादुर यादव, रत्नाकर उपाध्याय, भोलानाथ सिंह, प्रमोद वर्मा, अवनीत सिंह, हेमंत गुप्ता, केडी सिंह, सर्वेश सिंह, रविंद्र नाथ, सुनील यादव, सुरेश चंद्र यादव,विनोद पांडेय, देवेंद्र श्रीवास्तव, साकेत सिंह, भूपेंद्र सिंह, सहितभारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## डॉक्टर सुभाष चंद्र सिंह को प्रधानाचार्य परिषद का प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों में हर्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर में एक बैठक हुई । जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संजय उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय संस्था सचिव ने कहा कि डॉ सुभाष चंद्र सिंह




प्रधानाचार्य बीआरपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परिषद का प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखनऊ में बनाए जाने का कारण उनका शिक्षा के क्षेत्र में सतत् संघर्ष का परिणाम रहा है वे हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में समस्याओं व कठिनाइयों को लेकर हमेशा निदान हेतु प्रयत्नशील रहे । शिक्षा में बदलाव और नवाचार को भी उन्होंने प्रयोग के तौर पर देखा । उनका बनाया जाना संगठन को मजबूती प्रदान करेगा ।संगठन नई दिशा मे कार्य करेगा । कार्यक्रम में सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने कहा कि डॉ सुभाष चंद्र सिंह को संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने से निश्चित संगठन को एक नई ऊंचाई मिलेगी। गिरीश चंद श्रीवास्तव गिरीश ने कहा कि डॉक्टर साहब योग्य विद्वान व्यक्ति हैं। अनिल कुमार सिंह फूलचंद भारती डॉक्टर दमयंती सिंह अशोक मिश्र इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा की कार्यशाला संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यशाला आवास एवं शहरी नियोजन राज्यमंत्री के जनसंपर्क कार्यालय पर संपन्न हुई महिला कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यशाला में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी जी का कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। महिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी जी ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं । हमारी सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चलाकर यह संदेश देने का काम किया है कि आज की बेटियां किसी से कम नहीं है चाहे राजनीतिक क्षेत्र में हो चाहे पढ़ाई के क्षेत्र में हो चाहे शिक्षा के क्षेत्र



में हो हर जगह आगे बढ़ रही है राजनीति के क्षेत्र में भी महिलाओं को आगे आना चाहिए जिससे अधिक से अधिक भागीदारी मिल सके। कार्यक्रम को संयोजिका रत्ना उपाध्याय जी रही। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती मेनका सिंह ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शैल साहू, जिला महामंत्री विमला श्रीवास्तव, संगीता अग्रवाल, सिमा तिवारी , दिव्या सिंह उजाला मौर्या , सोनिया गिरी उर्वशी सिंह, डॉक्टर पूनम श्रीवास्तव, पूजा देवी व अंशु कुशवाहा आदि महिलाएं उपस्थित रही।

## आम आदमी पार्टी जौनपुर के सभी विधानसभा सीटों पर लड़ेगी चुनाव : सूर्य नारायण सिंह मुन्ना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आम आदमी पार्टी केंद्रीय कार्यालय जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने पत्रकरो से बात करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी जौनपुर के सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जौनपुर की जनता बदलाव चाहती है और मजबूत विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को जौनपुर की जनता देख रही है जिला अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी कि सरकार अगर उत्तर प्रदेश में बनती है तो 300 यूनिट बिजली फ्री दिया जाएगा 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी पिछला बकाया माफ होगा और हर साल 1000000 युवाओं को रोजगार देगी आम आदमी पार्टी और 5000 बेरोजगारी भत्ता भी देगी आम आदमी पार्टी इसी क्रम में बदलापुर विधानसभा प्रत्याशी के रूप में घोषित किए गए राहुल शर्मा जी ने कहा कि बदलापुर की हालत पिछले कई दशक से उसी तरह बना हुआ है ना तो वहां सड़क है और ना तो अस्पताल की व्यवस्था अच्छी है ना शिक्षा की व्यवस्था अच्छी है जब से उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ योगी जी की सरकार आई है उत्तर प्रदेश को अपराध प्रदेश बना कर रख दिया है उत्तर प्रदेश में बलात्कार का ग्राफ बढ़ गया है लूट और डकैती का ग्राफ बढ़ गया है आम आदमी पार्टी ने अपने 4 विधानसभा में प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है बदलापुर विधानसभा से राहुल शर्मा जी सदर विधानसभा से डॉ जितेंद्र बहादुर सिंह मल्हनी विधानसभा से जिया लाल प्रजापति जी शाहगंज



विधानसभा से विनोद प्रजापति अभी तक मैदान में उतर चुके हैं।

## प्रदेश में तीन दर्जन आईपीएस अधिकारियों के पदोन्नति होने के चलते कई जिलों के कप्तान बदलने की चल रही तैयारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सूत्र के मुताबिक यूपी में होने वाले विधान सभा चुनाव से पहले बड़ा आईपीएस अधिकारियों के पदोन्नति होने के चलते पुलिस प्रशासन में भारी फेरबदल होने जा रहा है।जिसमें करीब दर्जन भर जिलों में आईपीएस अधिकारियों को इधर–उधर करने की कवायद शुरू हो गई है।इसके पीछे यूपी कैडर के यूपी कैडर के करीब तीन दर्जन आईपीएस अधिकारियों का प्रमोशन होने बताया जा रहा है।इसके साथ ही बड़े जिलों में डीआईजीध्एसएसपी की तैनाती पर भी मंथन हो रहा है, क्योंकि दर्जन भर जिलों के एसएसपी डीआईजी पद पर प्रोन्नत हो रहें हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इसके पीछे आईपीएस की विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में इस पर मुहर लगने के साथ आगामी चुनाव भी हैं। अब बस आदेश आने बाकी है। इसको लेकर रविवार रात को डीजीपी, गृहविभाग और मुख्यमंत्री के बीच काफी देर चर्चा भी हुई। छह जोन के एडीजी के तबादले की चर्चा, बरेली एडीजी डीजी पद पर प्रोन्नत आईपीएस की विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में तीन दर्जन आईपीएस की पद्दोन्नति पर मोहर लग गई है। इसमें बरेली के एडीजी अविनाश चंद्र की डीजी पद पर प्रोन्नत हो रही है।वही 1997 बैच के आईजी नवीन अरोड़ा, मोहित अग्रवाल, बीआर मीणा और जीके गोस्वामी एडीजी बनेंगे।इसके साथ ही साथ बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर और वाराणसी जोन के एडीजी के तबादले की चर्चा फिर शुरू हो गई है। चर्चा है कि एक जोन के एडीजी ने अपने परिवार के साथ सामान को भी शिफ्ट करना शुरू कर दिया है।डीपीसी के बाद यह साफ हो गया है कि 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी लव कुमार, डॉ. प्रीतिंदर सिंह और चंद्र प्रकाश द्वितीय डीआईजी से आईजी बनने जा रहे हैं।वहीं 2008 बैच के एसएसपी (आईपीएस) आनंद कुलकर्णी, अमित वर्मा, एन. कोलांची, सर्वेश कुमार राणा, श्रीपति मिश्रा, अजय कुमार सिंह, जुगुल किशोर, विनोद कुमार मिश्रा, बालेंदु भूषण, डीपीएन पांडेय, सुधीर कुमार सिंह, अरविंद भूषण पांडेय और राजीव मल्होत्रा डीआईजी बनने जा रहे हैं।जबकि 2009 बैच के आईपीएस को सेलेक्शन ग्रेड इस डीपीसी में 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी केशव कुमार चौधरी, अजय कुमार साहनी, पवन कुमार, अनीस अहमद अंसारी, अखिलेश कुमार चौरसिया, शिवासिम्पी चिनप्पा, दिनेश कुमार पी, मुनिराज जी, बबलू कुमार और संतोष कुमार सिंह को सेलेक्शन ग्रेड मिलेगा।वहीं 2018 बैच के आईपीएस साद मियां, पलाश बंसल, सूरज कुमार राय, अभिमन्यु मांगलिक, सैयद अली अब्बास, मनीष कुमार शांडिल्य, अंकिता शर्मा, कृष्ण कुमार, अभिजीत आर. शंकर, राहुल भाटी, अनिल कुमार यादव, अभिषेक भारती, संदीप कुमार मीना, संतोष कुमार मीना, अनिरुद्ध कुमार और लखन सिंह यादव को वरिष्ठ वेतनमान मिलेगा।चार आईपीएस अधिकारियों का प्रोमोशन डीपीसी में रोका गया,जांच के चलते उनका पदोन्नति बंद लिफाफे में है।क्योंकि इन सभी के विभागीय जांच के चलते डीपीसी में चार आईपीएस का लिफाफा बंद हैं।जिसमें एसएसपी अलंकृता सिंह, एसएसपी अतुल शर्मा, व रोहन पी कनय और संजय सिंह। इसमें अलंकृता सिंह को डीआईजी पर प्रोन्नत होना है।वहीं अन्य का सेलेक्शन ग्रेड लगना है।

## पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी अयोध्या ने पुलिस पेन्शनर के साथ आयोजित गोष्ठी में सुनी समस्याएं

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सभागार में आयोजित गोष्ठी मे सेवानिवृत्त अधिकारियो एवं कर्मचारियो को अपना परिचय दिया उसके पश्चात उनसे परिचय प्राप्त किया।इसके उपरान्त श्री प्रीतम सिंह नत से0नि0 अपर पुलिस अधीक्षक,अध्यक्ष पुलिस पेशनर्स बोर्ड अयोध्या द्वारा गोष्ठी मे उपलब्ध अन्य पुलिस अधिकारी एवं सहयोगी कर्मियो का आभार प्रकट किया गया।इसके साथ ही समय समय पर जनपद मे पुलिस पेशनर्स की आयोजित होने वाली गोष्ठी के लिये प्रसन्नता व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त यह भी कहा गया कि हम इस गोष्ठी के माध्यम से जनपद के दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्र मे निवास करने वाले सेवानिवृत्त हो चुके अपने साथियो की कुशलता एवं क्षेत्र की जानकारी एक दूसरे को मिल जाती है। पुलिस पेशनर्स की गोष्ठी के माध्यम से सेवानिवृत्त पुलिस अध्किारियोध्कर्मचारियो के बीच एक दूसरे से दूरी कम करने का सार्थक प्रयास है। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियोध्कर्मचारियो से कहा गया कि वह पुलिस की कार्य प्रणाली से भलि–भाति परिचित होते है जिनके द्वारा जनपद अयोध्या की अतिसंवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुये जनपद अयोध्या मे असामाजिक तत्वो के संबंध मे कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी प्रकार की सूचना उन्हे प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियो को सूचित करते हुये सहयोग प्रदान किये जाने की अपेक्षा की गई। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि उनकी कोई व्यक्तिगत समस्या हो तो वह अपनी बात संबंधित थाने एवं उच्चाधिकारियो के संज्ञान मे निःसंकोच अपनी समस्या से अवगत कराये तथा समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष से यह अपेक्षा की गई की जब भी कोई सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी



उनके थाने पर उपस्थित हो तो उसकी समस्या का निवारण किये जाने के संबंध मे तत्काल कार्यवाही करे।तदोपरान्त गोष्ठी मे सभी सेवानिवृत्त अधिकारीध कर्मचारियो से उनकी समस्या से अवगत कराये जाने की अपेक्षा किये जाने पर सेवानिवृत्त उप निरीक्षक उपसचिव बाबू राम पाण्डेय द्वारा अपनी समस्या बताते हुये अवगत कराया गया कि वर्तमान मे परिक्षेत्रीय कार्यालय मे परिचय पत्र बनाने की मशीन खराब होने के कारण परिचय पत्र नही बन पा रहे है जिसके संबंध मे प्रधान लिपिक जनपद अयोध्या को निर्देशित किया गया है कि वह सेवानिवृत्त अधिकारियोध्कर्मचारियो के परिचय पत्र बनाये जाने की मशीन अतिशीध्र ठीक कराये जाने के संबंध मे पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या को पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करे।इनके अलावा पुलिस पेशनर्स की बैठक मे मुख्य रुप से पदाधिकारी (अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव,उप सचिव प्रथम,उप सचिव द्वितीय कोषाध्यक्ष) का चुनाव कराया गया।उक्त मीटिंग में शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या,अतुल कुमार सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद अयोध्या,शैलेश कुमार गौतम पुलिस उपाधीक्षक सदर जनपद अयोध्या,श्री प्रीतम सिंह नत से0नि0 अपर पुलिस अधीक्षक,अध्यक्ष पुलिस पेशनर्स बोर्ड अयोध्या,श्री सहदेव सिंह से0नि0 पुलिस उपाधीक्षक,उपाध्यक्ष पुलिस पेशनर्स बोर्ड अयोध्या, बाबू राम पाण्डेय से0नि0 उप निरीक्षक,उप सचिव प्रथम अयोध्या,विभिन्न पदो से सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी एवं 47 अतिथिगण मौजूद रहें।

## साहबगंज पुलिस चौकी के समीप स्थित प्राथमिक स्कूल प्रथम की स्थिति अत्यन्त दयनीय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में कोतवाली नगर के साहबगंज पुलिस चौकी के समीप स्थित प्राथमिक स्कूल की दशा काफी दयनीय है।सूत्र के मुताबिक इस स्कूल में महज एक कमरे में पढ़ते कक्षा एक से पांच तक के 78 बच्चों के स्कूल को देख आपकी आंखें फटी की फटी रह जाएंगी।जिसपर इससे संबंधित अधिकारी व कर्मी ध्यान नही देते नजर आ रहे है।इस समय जहाँ एक ओर सभी क्षेत्रों में विकास के लिये धन आ रहा हो परंतु इस शिक्षा के मंदिर पर कोई ध्यान नहीं दे रहा।चार साल से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा रहे इस स्कूल को पर्याप्त टीचर भी मयस्सर नहीं हैं।शायद एक बार आप स्कूल देख लें तो सरकारी सिस्टम से भरोसा उठ जाएगा।शहर के बीचों–बीच स्थित साहबगंज पुलिस चौकी के पीछे स्थित प्राथमिक विद्यालय साहबगंज प्रथम की स्थिति बहुत ही दयनीय है।चार साल पहले विद्यालय के भवन का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन दो साल हो गए काम ठप पड़ा है। एक ही कमरे में कक्षा पांच तक के 78 विद्यार्थी बैठते हैं।उसी कमरे में ही बीएलओ अपना चुनावी काम भी निपटाते हैं। तार पर कपड़े सुखाने के स्टाइल में किताबें टंगी हैं। ऐसे में आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां पढ़ाई कैसी होती होगी।छात्रों के भविष्य के निर्माण के लिए तैयार होने आए नौनिहाल एक शिक्षा मित्र के ही भरोसे हैं,एक हेड अध्यापक भी हैं।लेकिन उनके जिम्मे दो स्कूल का भार है।कमरे के हालत देखकर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी लापरवाही बरती जा रही है। कमरे में जगह–जगह सीलन है और अजीब सी बदबू उठती है।वही अमृत विचार ने स्कूल पहुंचकर वहां का स्थिति देखी तो सिर्फ 25 बच्चे ही मौजूद कक्षा में मौजूद नजर आये।इस मौके पर वहाँ पर मौजूद शिक्षामित्र शिखा श्रीवास्तव ने बताया कि अभी और बच्चे आएंगे।रसोई में गंदगी का अंबार, चूल्हे पर बनता है भोजन वही एक तरफ सरकार प्रदेश के विद्यालयों की शिक्षा और उनके स्वास्थ्य की व्यवस्था का दम्भ भरती है तो दूसरी तरफ यहां सरकार के दावों की साफ–साफ खिल्ली उड़ाई जाती है।यहां विद्यालय में बच्चों के लिए बन रहे खाने की जगह पर काफी गंदगी दिखाई दी।खाना बनाने का कार्य गैस की जगह चूल्हे पर किया जा रहा था।धुआं पूरे स्कूल में भर जाता है। केंद्र व प्रदेश में बीजेपी सरकार, नगर विधायक भी भाजपा का फिर भी ऐसा हाल है, वही केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। यहीं नहीं नगर में भी भाजपा के ही विधायक हैं। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कभी भी स्कूलों पर ध्यान नहीं दिया। खैर प्रशासन ही अगर स्कूल पर ध्यान दे दे तो विद्यार्थियों की बांछे खिल जाएंगी। साहबगंज के प्राथमिक विद्यालयों को देखने के बाद सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब शहर के स्कूल की स्थिति ऐसी है तो देहात के विद्यालयों के राम ही मालिक हैं।जिम्मेदार ने साधी चुप्पी, आखिर क्यों? स्कूल के भवन पर ठप पड़ा काम और एक ही कमरे में कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के बैठने के बारे में जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय से पूछा तो उन्होंने मीटिंग का हवाला देकर चुप्पी साध ली। इस संबंध में थोड़ी देर बाद फिर बात करने की कोशिश की गई तो जवाब नहीं दे सके।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है।मिली जानकारी के मुताबिक पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बकौली रानीमऊ निवासी सुन्दरलाल यादव पुत्र प्रभु यादव साइकिल से जा रहे थे तभी लालपुर गांव के पास अचानक निकले ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना ग्रामीणों ने पटरंगा पुलिस को दी।सूचना मिलते ही हाईवे चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।चौकी प्रभारी ने बताया दुर्घटना करने वाली ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है बताया की मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## पिता की डबल बैरल लाइसेन्सी बंदूक व कारतूस के साथ जान से मारने की धमकी देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध मादक पदार्थ के रोकथाम व अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी अयोध्या के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थाना कोतवाली अयोध्या के प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित टीम के कुशल नेतृत्व में की जा रही चेकिंग के दौरान महिला द्वारा बताया गया कि साहब मेरा दामाद अपने पिता की दो नली लाइसेन्सी बन्दूक लेकर मेरे घर पर आया है और मुझे व मेरी बेटी ज्योति मिश्रा को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आप जल्दी चलिए नही तो कोई अनहोनी हो सकती है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अयोध्या ने बताया कि उक्त महिला की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हमराही कर्मचारीगण को साथ लेकर उसके घर पर आये तो देखा कि एक व्यक्ति डबल बैरल बन्दूक 12 बोर से एक महिला को दिखाकर धमका रहा था। हम पुलिस वालों द्वारा सिखलाई के तौर तरीको का प्रयोग कर हिकमत अमली से नियमानुसार उस व्यक्ति से बन्दूक लेकर कब्जे में किया गया तथा अभियुक्त.. इशान देव मिश्रा पुत्र भूप नरायण मिश्रा निवासी महाजनी टोला रिकाबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या को जानकी महल मोड़ नयाघाट के पास से उसके पिता की 01 अदद् डबल बैरल बंदूक 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली अयोध्या पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया तथा शस्त्र लाइसेन्स धारक भूपनरायण मिश्रा निवासी महाजनी टोला रिकाबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या के विरूद्ध धारा 30 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु नियुक्त किए गए प्रभारी एवं अपर प्रभारी

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु नियुक्त किए गए प्रभारी एवं अपर प्रभारी अधिकारियों की आज अपराहन 1:00 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष में जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई।इस बैठक में अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रभारी अधिकारी द्वारा दिए गए दायित्व के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।इस मौके पर दिए गए दायित्वों को समयबद्ध रूप से सभी अधिकारी पूर्ण करना सुनिश्चित करें।अपर प्रभारी अधिकारी कार्मिक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अवशेष सभी विभागों के कर्मचारियों का डाटा तत्काल फीड कराना सुनिश्चित करें।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिन कर्मचारियों का अब तक डबल डोज वैक्सीनेशन नहीं हुआ है तत्काल करा लें।इसकी विभाग वार सूची प्राप्त करते हुए सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने विभागों के अवशेष कर्मचारियों का तुरंत कोविड–19 डबल डोज वैक्सीनेशन पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।प्रभारी अधिकारी प्रेक्षक, यातायात, व्यय अनुवीक्षण सेल, आदर्श आचार संहिता, डिस्टिक कॉन्टैक्ट सेंटर, शिकायत प्रभारी, सूचना प्रभारी, सूचना प्रेषण प्रभारी, वेबकास्टिंग, वीडियो ग्राफी,ईवीएम, लेखनसमग्री आदि के कार्यों की कार्य योजना तैयार करते हुए अधिसूचना जारी होने के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें।जिससे निर्वाचन की घोषणा के समय किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न ना हो।इस बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था, मुख्य राजस्व अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं अन्य सभी प्रभारी अधिकारी अपर प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोविड–19 से मृत व्यक्तियों के परिजनों को रू0 50 हजार की आर्थिक सहायता राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है–मण्डलायुक्त

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) मण्डलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल ने बताया कि कोविड–19 से मृत व्यक्तियों के परिजनों को रू0 50 हजार की आर्थिक सहायता राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है।सूत्र के मुताबिक योजना का लाभ लेने के लिए परिजनों को राहत आयुक्त कार्यालय की वेबसाइटhttp%//rahat.up.nic.in पर दिये गये आप्सन 'कोविड–19 के संक्रमण से मृत व्यक्तियों के परिजनों को रू0 50 हजार की अनुग्रह सहायता' पर क्लिक करके आवेदन पत्र आनलाइन भरा जा सकता है। आनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल पर जानकारियां भरी होंगी।इसके लिए मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 प्राप्त होगा, ओ0टी0पी0 भरने के उपरांत आवेदन पत्र के अन्य कालम भरे जा सकेंगे।आनलाइन आवेदन पत्र के साथ अभिलेख यथा– आर0टी0पी0सी0आर0, रैपिड एन्टीजन टेस्ट, मॉलिक्यूलर टेस्ट व चिकित्सा उपचार/चिकित्सा जांच के प्रति जिसमें कोविड–19 डायग्नोस हुआ हो में से कोई एक अपलोड करना होगा। इसके साथ ही आवेदक को मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसानों का सहमति पत्र एवं परिजन जिसे सहायका धनराशि प्राप्त करनी है उसके बैंक पासबुक की छायाप्रति या कैंसिल चेक अपलोड करना होगा।इस मौके पर मण्डलायुक्त ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त हार्ड कापी में आवेदन पत्र जनपद के जिलाधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट में स्थित कोविड–19 अहेतुक सहायता आवेदन पत्र प्राप्ति सेल में दिया जा सकता है। जिसके साथ संलग्न अभिलेख लगाने होंगे। यदि किसी आवेदक/वारिसन को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने में कोई दिक्कत है या आवेदन पत्र पर लिये गये निर्णय पर कोई आपत्ति है तो आवेदक जनपद के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है तथा जनपद के जिलाधिकारियों के समक्ष शिकायती पत्र प्रस्तुत कर सकता है या राहत आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट http%//rahat.up.nic.in पर शिकायत दर्ज करा सकता है। आनलाइन आवेदन पत्र के सम्बंध में राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नम्बर 1070 या 9454441018 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## लोगों को लुभा रहा अयोध्या महोत्सव में एक हजार 100 कन्याओं का का पूजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अयोध्या महोत्सव में 1100 कन्याओं का पूजन हुआ।जीआईसी के मैदान चर चल रहे महोत्सव में देश के नामी पहलवानों की मौजूदगी व कुश्ती के दांव –पेंच ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।26 दिसंबर से चल रहा यह आयोजन साहित्य, संगीत व कला प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैस पूजन के लिए अयोध्या के जीआईसी मैदान में पहुंची कन्याएं, पूजन के लिए अयोध्या के जीआईसी मैदान में पहुंची कन्याएं, लोक संस्कृति को प्रसारित करने की मुहिम अयोध्या महोत्सव ने प्रारम्भ की अयोध्या महोत्सव में 1100 कन्याओं के पूजन के बाद मुख्य अतिथि व आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। अयोध्या की लोक संस्कृति, परम्परा व मर्यादा भारतीय जीवनशैली का आधार है।अपने जीवन में इसको उतारने से परिवार, समाज आध्यात्मिक,मानसिक व आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ता है। इसी लोक संस्कृति को प्रसारित करने की मुहिम अयोध्या महोत्सव ने प्रारम्भ की है।जिसको व्यापक जन समर्थन भी मिल रहा है। वहीं महिलाओं के विकास पर हुई चर्चा स्वागत भाषण करते हुए अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है।सूत्र के मुताबिक इस सृजन की शक्ति को विकसित करके समाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व वैचारिक स्वतंत्रता के साथ समानता का अवसर प्रदान करना नारी सशक्तिकरण का आशय है। केन्द्र व प्रदेश सरकार इसी परिकल्पना पर कार्य कर रही है।अयोध्या महोत्सव प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ अयोध्या की मर्यादा की आध्यात्मिकता से समाज को प्रकाशित करने की मुहिम लगातार जारी रखेगा।अयोध्या महोत्सव के दौरान कुश्ती भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। अयोध्या महोत्सव के दौरान कुश्ती भी आकर्षण का केंद्र बनी रही वहीं दंगल का आयोजन हुआ और कन्या पूजन के दौरान प्रमुख रुप से महानगर प्रचारक अनिल जी, डा विक्रमा पाण्डेय, प्रो आरके सिंह, डा राजेश तिवारी,एसएन सिंह,मनीष गुप्ता,दीप सहाय,अभिषेक निगम,अंजनी ओझा,वीके मुकेश,सरल झाप्टे, आचार्य दुर्गा प्रसाद, शैलेन्द्र यादव ने पूजन किया।इस अवसर पर अरुण द्विवेदी,नाहिद कैफ,श्रद्धा तिवारी, पूजा अरोड़ा के साथ साथ ऋचा उपाध्याय,चन्द्रशेखर तिवारी मौजूद रहे।वहीं अयोध्या महोत्सव के प्रांगण में विराट दंगल का भी आयोजन किया गया। दंगल में पहलेवानों खूब जोर आजमाईश की।पहलवानों के दांव–पेंच ने दर्शकों का मन मोह लिया।लोगो ने इस दौरान जमकर तालियां बजाई। पहलवानों में मुख्य रुप से देवा थापा पहलवान नेपाल,परवेश सहारनपुर, मोंटी दिल्ली,मुल्क टाइगर हरिया, सुरेन्द्र कन्नौज से शामिल रहे।

## यूपी चुनाव में ब्राह्मण समाज को साधने की तैयारी हुई तेज

अयोध्या। (डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) यूपी विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण मतदाताओं को साधने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार के ब्राह्मण मंत्री जिम्मेदारियां दी गयी है।अब सभी ब्राह्मण समाज के बीच जाएंगे और मोदी सरकार की ओर से संस्कृत, संस्कृति, धर्म शास्त्रों और धार्मिक स्थलों के लिए किए गए कामों के साथ ब्राह्मण समाज को दिए प्रतिनिधित्व को बताएंगे।वही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर हुई बैठक में ब्राह्मणों की नाराजगी दूर करने पर मंथन किया। ब्राह्मणों को साधने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रियों व सांसदों की 16 सदस्यीय कमेटी भी गठित की गई।इस बैठक में केंद्र व राज्य सरकार के ब्राह्मण मंत्री शामिल हुए। बैठक में हाल ही में सपा में शामिल हो रहे ब्राह्मण नेताओं के असर पर मंत्रियों ने राय रखी। नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी ने संस्कृत, संस्कृति, धर्म शास्त्र और धार्मिक स्थलों के उत्थान के लिए जो काम किए हैं उसका फायदा समाज को हुआ है। बैठक में तय किया गया कि मंत्री गण अपने समाज के बीच जाकर बताएं कि सपा शासन में किस तरह ब्राह्मणों की हत्या की गई थी।2007 में ब्राह्मणों के समर्थन से बसपा की सरकार बनने के बाद एससी–एसटी एक्ट के तहत सबसे ज्यादा मुकदमे ब्राह्मणों पर ही दर्ज हुए थे। तय हुआ कि मंत्री ब्राह्मण संगठनों के नेताओं से बात कर उन्हें समझाने का प्रयास करेंगे कि भाजपा ने ही समाज को प्रदेश व केंद्र सरकार में प्रतिनिधित्व के साथ संगठन में भी शीर्ष पदों पर बैठाया है। 2022 में यूपी में भाजपा की सरकार नहीं बनी तो इसका नुकसान ब्राह्मण समाज के साथ प्रदेश और देश को भी होगा। ये मंत्री विश्वास दिलाने का प्रयास करेंगे कि 2022 में फिर भाजपा की सरकार बनने पर ब्राह्मण समाज की नाराजगी दूर करने के साथ शिकायतों का समाधान भी होगा। बैठक में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय, उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधि मंत्री ब्रजेश पाठक, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सतीश द्विवेदी व राज्यमंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला भी मौजूद थे।

## रौजागाँव चीनी मिल द्वारा करोड़ों का किया गया गन्ना मूल्य भुगतान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट रौजागांव द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2021–22 में दिनांक 21 दिसम्बर 2021 तक क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 15.47 करोड़ रुपए का भुगतान दिनांक 27–12–2021 को कर दिया गया है तथा किसानों का गन्ना मूल्य किसानों के संबंधित बैंक खाते में भेज दिया गया है।चीनी मिल द्वारा वर्तमान पेराई सत्र में त्वारित गन्ना मूल्य भुगतान की योजना की जा रही है।चीनी मिल के यूनिट हेड निष्काम गुप्ता ने कृषको से अनुरोध किया है कि जिस क्षेत्र में प्रजाति को. 0238 में रेडरॉट का प्रकोप आ गया है उस क्षेत्र के किसान भाई अपने संबंधित मिल स्टाफ से मिल कर गन्ना बीज नर्सरी से को. 0118 गन्ना प्रजाति एवं को. 15023 गन्ना बीज सुरक्षित कराकर बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए सुनिश्चित करें।साथ ही साथ किसान भाई जिन खेतों में रेडरॉट का प्रकोप है उस खेत में पेड़ी गन्ना न लें तथा उसमें फसल चक्र अपनाएं।इसी क्रम मे आगे बढ़ते हुए इकाई प्रमुख निष्काम गुप्ता ने किसानों को बलराम ऐप के बारे मे बताया कि बलराम ऐप का निर्माण गन्ने की खेती मे बढ़ते हुए लागत मूल्य को कम करने,वैज्ञानिक विधि से खेती करके अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने एवं कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते ऐप कृषकों के सशक्तिकरण के लिए,टिकाऊ खेती करने और चीनी मिल से सीधे जुड़ने के लिए लाभदायक विकल्प है।इस मौके पर इकबाल सिंह महाप्रबंधक गन्ना ने बताया कि किसानों को पेड़ी प्रबंधन के लिए 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर पेड़ी प्रबंधन यंत्र(रैटून मैनेजमेंट डिवाइस)चीनी मिल द्वारा दिया जा रहा है जिससे किसान अच्छी पेड़ी की पैदावार ले सके।वही इसी कडीध में इसके साथ ही साथ महाप्रबंधक(गन्ना)ने बताया कि किसानों को डीकंपोज प्रेस मड खाद रु 5 प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही साथ चीनी मिल द्वारा फसल उत्पादन एवं फसल सुरक्षा हेतु बेंटोनाइट सल्फर,हेग्जास्टॉप,ट्राइकोडरमा,ग्रेन्यूल्स बायो पोटाश,कैल्शियम नाइट्रेट,कोराजन आदि खाद एवं दवाएं उचित दर पर दी जा रही हैं साथ ही महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों से अपील की कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई मे ट्रेंच विधि द्वारा ही गन्ने की बुवाई करें तथा मिल को साफ सुथरा,जड़,मिट्टी,अगोला,पत्ती व हरा जूना रहित गन्ना ही आपूर्ति करें तथा पर्ची का S.M.S. आने के बाद ही गन्ने की कटाई करें।

## भेलसर रहीमगंज जर्जर मार्ग की मरम्मत चार माह बीतने के बाद भी नहीं हो सकी

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इतने बेखौफ हैं जिन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ द्वारा कई बार आदेश जारी किया गया कि प्रदेश की सभी गड्ढा युक्त सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए लेकिन अयोध्या जिले के लोक निर्माण विभाग के बेखौफ अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां उड़ाकर शासन को बदनाम करने का ही कार्य कर रहे है।ऐसा ही एक मामला विकास खण्ड रूदौली में देखने को मिला जहां डीएम को आनलाइन शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग ने बिना जर्जर सड़क मरम्मत कराए ही सड़क मरम्मत की झूठी रिपोर्ट भेजकर सरकार को बदनाम करने का काम किया है जिसकी आनलाइन शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करते जर्जर सड़क दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई है।सूत्र के मुताबिक जिले के रूदौली विकास खण्ड कार्यालय के ठीक सामने से राष्ट्रीय राजमार्ग से भेलसर होते हुए क्षेत्र के रहीमगंज,नकछेदपुर,धौरहरा,हलीमंगर,नईसरांय,देवकली का पुरवा,ममरेजनगर,जैथरी,महंगू का पुरवा सहित तराई क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली खस्ताहाल जर्जर सड़क जिसपर राहगीर व स्कूली बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर मजबूरन किसी तरह से निकलने पर मजबूर हैं।इसी खस्ताहाल जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए भेलसर गांव निवासी साद अख्तर आदि ने डीएम को 23 सितम्बर को आनलाइन शिकायती पत्र देकर सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की थी।अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अयोध्या द्वारा शिकायतकर्ता को लिखित पत्र भेजकर अवगत कराया गया कि वर्षा ऋतु के पश्चात मौसम अनुकूल होने पर गड्ढा मुक्त का कार्य दिनांक 20/10/21तक पूर्ण कर दिया जायेगा।उसके बाद सम्बंधित विभाग दूसरी बार शिकायतकर्ता को लिखित आख्या भेजकर अवगत कराता है कि प्रश्नगत मरम्मत का कार्य प्रगति पर है जिसे 15/11/21 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।उसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने तीसरी बार प्रश्नगत मार्ग पर 1,00 किमी की लंबाई में मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लेने की फर्जी रिपोर्ट शिकायतकर्ता को भेजा विभाग द्वारा बिना मरम्मत का कराए ही झूठी रिपोर्ट देखते ही शिकायतकर्ता सहित क्षेत्र के लोगों को चौंका दिया।जब की इस खस्ताहाल जर्जर सड़क पर 23 सितम्बर को दिए गए आनलाइन शिकायती पत्र के बाद इस मार्ग पर किसी तरह का मरम्मत कार्य सम्बंधि विभाग द्वारा दो बार सड़क बनाने का आश्वासन व तीसरी बार दी गई आख्या में बिना सड़क पर किसी प्रकार का कार्य कराए ही खस्ताहाल जर्जर सड़क को विभाग द्वारा मरम्मत कार्य पूर्ण होने की झूठी रिपोर्ट भेजने पर आक्रोशित शिकायतकर्ता साद अख्तर ने मुख्यमंत्री के पोर्टलपर पर आनलाइन शिकायत कर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना सड़क मरम्मत कराए ही फर्जी व झूठी रिपोर्ट भेजने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही व खस्ताहाल जर्जर सड़क को अतिशीघ्र दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।